भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 217

उत्तर देने की तारीख 29.11.2021

सकल नामांकन अनुपात

†217. श्री बिद्‌युत बरन महतो:

श्री रवि किशन:

श्री सुधीर गुप्ता:

श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:

श्री सुब्रत पाठक:

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:

श्री प्रतापराव जाधव:

श्री मनोज तिवारी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार ने पिछले सात वर्षों में विद्‌यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों में विभिन्न मानकों के अनुसार अपनी प्रगति रिपोर्ट पर डेटा सूचीबद्‌ध/प्रकाशित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि पिछले सात वर्षों के दौरान प्राथमिक विद्‌यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात 34 से गिरकर 26 और उच्च प्राथमिक विद्‌यालयों में 23 से गिरकर 18, माध्यमिक विद्‌यालयों में 30 से गिरकर 18 और उच्चतर माध्यमिक विद्‌यालयों में 39 से गिरकर 26 हो गया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) छात्र-शिक्षक अनुपात को कम करने के लिए सरकार द्‌वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस अवधि के दौरान लड़कियों के लिए सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में वृद्‌धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या कई नए विश्वविद्‌यालय और उच्च शिक्षा संस्थान खोले गए हैं जिनमें स्वास्थ्य शिक्षा केन्द्र बिंदु में है और यदि हां, तो संस्थान और विश्वविद्‌यालय-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल), शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और संघ राज्यों क्षेत्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली स्कूली शिक्षा के संकेतकों पर डेटा रिकॉर्ड करने के लिए शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस (यूडाइस+) विकसित किया है। यूडाइस+ के परिणामों को अकादमिक वर्ष 2019-20 तक प्रकाशित किया जा चुका है और यह https://www.education.gov.in/en/statistics-new?shs_term_node_tid_depth=394&Apply=Apply लिंक पर उपलब्ध भी है। उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) संचालित करता है। एआईएसएचई वर्ष 2019-20 तक उपलब्ध है और यह https://www.education.gov.in/en/statistics-new?shs_term_node_tid_depth=383&Apply=Apply पर उपलब्ध है।

(ख):) जी, हाँ। पिछले सात वर्षों के दौरान स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर छात्र शिक्षक अनुपात (पीटीआर) में कमी आई है। 2013-14 से 2019-20 के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक के लिए पीटीआर अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग): पीटीआर में सुधार करना एक सतत प्रक्रिया है जिसमें प्रशिक्षार्थी, शिक्षक, शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया, अधिगम का वातावरण, पाठ्यक्रम, शिक्षणशास्त्र, अधिगम के परिणाम, मूल्यांकन आदि शामिल हैं। समग्र शिक्षा सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को विभिन्न कार्यों जैसे शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों का सेवाकालीन प्रशिक्षण, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि सर्वेक्षण का संचालन, एक समावेशी अधिगम वातावरण प्रदान करने हेतु प्रत्येक स्कूल को साझा स्कूल अनुदान, पुस्तकालय, खेल और शारीरिक कार्यक्रलापों के लिए अनुदान, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के लिए सहयोग, आईसीटी और डिजिटल पहल, स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रम, शैक्षणिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए उपचारात्मक शिक्षण, पढ़े भारत बढ़े भारत के लिए सहयोग, आदि के लिए सहायता प्रदान करके शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान केंद्रित करती है

(घ): 2013-14 से 2019-20 के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक के लिए बालिकाओं के सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) का विवरण अनुबंध-I पर दिया गया है।

(ड.): अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के अनुसार, 2018-19 और 2019-20 के दौरान चिकित्सा, नर्सिंग, पैरा मेडिकल, फार्मेसी, फिजियोथेरेपी और पशु चिकित्सा श्रेणी से संबंधित

विषयों में विशेषज्ञता वाले विश्वविद्यालयों और उच्चतर शिक्षा संस्थानों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

संस्था	2018-19	2019-20
विश्वविद्यालय	73	80
कॉलेज	3158	3757
स्टैंड अलोन इंस्टीट्यूशन	3109	3652

******

अनुबंध-I

'सकल नामांकन अनुपात' के संबंध में श्री बिद्युत बरन महतो, श्री रवि किशन, श्री सुधीर गुप्ता, श्री संजय सदाशिवराव मंडलिक, श्री सुब्रत पाठक, श्री श्रीरंग अप्पा बारणे, श्री प्रतापराव जाधव, श्री मनोज तिवारी द्वारा दिनांक 29.11.2021 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 217 के भाग (ख) और (घ) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक

पिछले सात वर्षों का छात्र शिक्षक अनुपात

वर्ष	प्राथमिक (1 से 5)	उच्च प्राथमिक (6 से 8)	माध्यमिक (9 से 10)	उच्चतर मध्यमिक (11 से 12)	उच्चतर शिक्षा*
2019-20	27	19	19	27	26
2018-19	28	20	21	30	26
2017-18	30	22	25	34	29
2016-17	29	26	27	34	26
2015-16	31	27	28	38	23
2014-15	30	27	27	39	23
2013-14	32	26	26	41	24

स्रोत:- शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस (यूडाइस+) 2019-20

* अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) रिपोर्ट 2019-20

पिछले 7 वर्षों का छात्राओं का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर)

वर्ष	प्राथमिक (1 से 5)	उच्च प्राथमिक (6 से 8)	माध्यमिक (9 से 10)	उच्चतर माध्यमिक (11से 12)	उच्चतर शिक्षा *
2019-20	103.7	90.5	77.8	52.4	27.3
2018-19	101.8	88.5	76.9	50.8	26.4
2017-18	103.0	89.3	76.2	48.3	25.4
2016-17	103.7	89.4	76.2	43.7	24.5
2015-16	107.3	91.1	77.0	48.3	23.5
2014-15	107.4	90.0	75.5	46.0	23.2
2013-14	107.9	88.6	73.5	44.1	22.0

स्रोत:- शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस (यूडाइस+) 2019-20

* अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) रिपोर्ट 2019-20